अर्थ आवर: स्वेच्छा से बंद रखें गैरजरूरी लाइट्स

- इस बार के लिए संदेश है – एक घंटे के वक्त से आगे जाएं और इसे अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाएं ताकि आपको मिले बेहतर कल
- दिल्ली है *अर्थ आवर* की पार्टनर सिटी, और बीएसईएस ऑफिशियल पार्टनर

नई दिल्ली: 24 मार्च, 2011। बीएसईएस ने अपने उपभोक्ताओं से अपील है कि वे आगामी 26 मार्च को पूरे जोश के साथ अर्थ आवर मनाएं और रात 8.30 से 9.30 बजे के बीच स्वेच्छा से अपने घरों व दफ्तरों की गैरजरूरी लाइट्स बंद रखें। बीएसईएस खुद भी दिल्ली में 950 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले अपने सभी ऑफिसों में अर्थ आवर के दौरान गैर जरूरी लाइट्स को ऑफ रखेगी।

बीएसईएस ने, बिजली बिल के साथ भेजे गए न्यूज लेटर *सिनर्जी* के माध्यम से अपने सभी 27 लाख उपभोक्ताओं से अर्थ आवर मनाने का अनुरोध किया है। इसके अलावा, करीब 10 लाख उपभोक्ताओं को 25 और 26 मार्च को अर्थ आवर से संबंधित एसएमएस भी भेजे जाएंगे। ईमेल के माध्यम से भी अर्थ आवर का संदेश फैलाने की कोशिश की जा रही है। अपने ऑफिसों में बीएसईएस ने अर्थ आवर से संधित पर्चे व पोस्टर आदि लगाए हैं, ताकि लोगों के बीच जागरूकता आए। रेजिडेंट्स वेलफेयर असोसिएशनों के साथ डब्लूडब्लूएफ टीम की मौजूदगी में बैठकें की गईं, जिनमें असोसएशनों के प्रतिनिधियों को अर्थ आवर के बारे में बताया गया और वहां पर्चे–पोस्टर आदि भी बांटे गए। बीएसईएस ने अपने सभी कंप्यूटरों के डेस्कटॉप पर अर्थ आवर का संदेश डाला है।

बीवाईपीएल के सीईओ श्री रमेश नारायणन के मुताबिक– अर्थ आवर, बेहतर जीवन की दिशा में उठाया गया कदम है। यह सिर्फ एक घंटे का मसला नहीं होना चाहिए, बल्कि हमें अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में इसे शामिल करना होगा। जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर धरती मां के प्रति भी हमारी कुछ जिम्मेदारी बनती है। अर्थ आवर जैसे छोटे–छोटे प्रयासों से हम बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं।

बीआरपीएल के सीईओ श्री गोपाल सक्सेना के अनुसार– अर्थ आवर ऐसे बदलावों की तरह है, जिन पर लोग आसानी से अमल कर सकते हैं। बात सिर्फ एक घंटे तक बिजली बंद रखने की नहीं है, बल्कि इससे कहीं आगे की सोच रखने का मामला है। हममें से हर किसी के पास बदलाव लाने की क्षमता है। हमें वह लक्ष्य पाने की दिशा में काम करना चाहिए, जिस दिन अर्थ आवर की जरूरत ही न पड़े।

डब्लूडब्लूएफ द्वारा आयोजित अर्थ आवर 2011 की पार्टनर सिटी है, दिल्ली। पिछले साल अर्थ आवर के दौरान दिल्ली ने 300 मेगावॉट (बीएसईएस इलाके में 172 मेगावॉट) बिजली बचाई थी। इस बार उम्मीद की जा रही है कि बिजली की बचत पिछले साल के मुकाबले कहीं ज्यादा होगी। इस बार भी, रिलायंस पावर, एचएसबीसी, इंफोसिसि, आईटीसी वेलकम ग्रुप, आईसीआईसीआई बैंक, कैनन, ताज होटल्स और एचसीएल के साथ, बीएसईएस अर्थ आवर का ऑफिशियल पार्टनर है। अर्थ आवर पर इस बार का संदेश है – एक घंटे के वक्त से आगे जाएं और इसे अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाएं ताकि आपको मिले बेहतर कल।

अर्थ आवर, डबलूडब्लूएफ (वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर/ वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड) का सालाना कार्यक्रम है, जिसके तहत दुनियाभर के लोगों से अपील की जाती है कि वे जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए, अपने घरों, बिजनेस स्थलों पर गैरजरूरी लाइट्स और बिजली चालित उपकरणों को तय समय के दौरान बंद रखें।

दिल्ली की प्रमुख बिजली वितरण कंपनी बीएसईएस अपने उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

समय बचाएं। ईंधन बचाएं। पैसे बचाएं। **www.bsesdelhi.com** पर लॉगऑन करें।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: प्रशान्त दुआ — चंद्र पी कामत

कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 39999870/ 9312007822 — कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस– 3999415/ 9350130304